
## एक नजर में

### एल्डरमैन नियुक्ति होने के बाद नप में किया स्वागत



**पिपलियामण्डी।** नगर परिषद में एल्डरमैन के रूप में प्रदेश सरकार की ओर से मनोनीत पूर्व पार्षद मुक्ति मनोहर काबरा, वरिष्ठ व्यापारी रूपचंद होतवानी, ललित बंबोरिया एवं हेमंत पाटीदार ने नगर परिषद कार्यालय पहुँचकर औपचारिक रूप से अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। नवनियुक्त एल्डरमैन के नगर परिषद पहुँचते ही अध्यक्ष इंदिरा सुनील देवरिया, मुख्य नगर पालिका अधिकारी प्रवीण सेन, उपाध्यक्ष भारतसिंह सोनगरा सहित पार्षदों व कार्यकर्ताओं ने पुष्पमालाओं के साथ स्वागत किया। इस अवसर पर नवनियुक्त एल्डरमैन ने शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे दलगत राजनीति से ऊपर उठकर नगर के समग्र विकास के लिए कार्य करेंगे। उन्होंने परिषद की योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने और लंबित कार्यों को शीघ्र पूरा करने की बात कही।

### बड़ वाले बालाजी मंदिर पर महाआरती और कन्या पूजन के बाद हजारों भक्तों ने ग्रहण की प्रसादी



**मन्दसौर।** नालछा माता रोड स्थित प्राचीन श्री ब?वाले बालाजी महाराज मंदिर पर प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी हनुमान जन्मोत्सव का पर्व अत्यंत हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस पावन अवसर पर मंदिर समिति द्वारा विविध धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन किया गया, जिसमें ब?ी संख्या में नगर व क्षेत्र के श्रद्धालुओं ने सहभागिता की। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए मंदिर समिति अध्यक्ष व सेवक दलपतसिंह पंवार एवं प्रवक्ता महेन्द्र सिंह सिसोदिया ने बताया कि जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में 7 अप्रैल को प्रात: 10 बजे बालाजी महाराज की भव्य महाआरती उतारी गई। महाआरती के पश्चात मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित भाजपा नेता अनिल कियावत, भाजपा जिला उपाध्यक्ष विनय दुबेला, ज्योतिष सलाहकार विनोद रूनवाल और कृष्णवल्लभ शास्त्री सहित अन्य गणमान्य अतिथियों एवं उपस्थित भक्तजनों व माताओं ने बालाजी महाराज का पूजन-अर्चन किया। इसके पश्चात् श्रद्धा भाव से कन्या पूजन संपन्न किया गया, जिसके उपरांत विशाल भंडारे का शुभारंभ हुआ। इस भंडारे में लगभग 3 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने पंक्तिबद्ध होकर प्रसादी ग्रहण की। आयोजन को सफल बनाने में रवि ग्वाला, हरीश साल्वी, लक्ष्मीनारायण रावत, विजय सिंह जादौन, राजेश चंडालिया, जीतू विश्वकर्मा, मोहन परमार, अजय पुरोहित, हरपाल सिंह, गजरा सिंह बिल्ला, युवराज सिंह पवार, खुमान सिंह पवार, राजेंद्र सिंह देव?, संजय त्रिवेदी, अंकित श्रीवास्तव, विशाल, पूरन सिंह तोमर, शंकर लाल सोनी, मनसुख राव, अशोक कोठारी और राजू माली सहित समस्त भक्त मंडल का विशेष सहयोग रहा। दिनभर चले इस उत्सव में मंदिर परिसर बालाजी के जयकारों से गुंजायमान रहा और देर शाम तक दर्शनार्थियों का तांता लगा रहा।

## 1 वर्ष के लंबित प्रकरणों का प्राथमिकता से करें निराकरण : कलेक्टर

- कलेक्टर ने धुंधडका स्थित नायब तहसीलदार न्यायालय का किया आकस्मिक निरीक्षण



**मंदसौर। जिले में राजस्व प्रकरणों के त्वरित एवं प्रभावी निराकरण को लेकर कलेक्टर श्रीमती अदिती गर्ग लगातार सक्रिय रूप से मॉनिटरिंग कर रही हैं। इसी क्रम में बुधवार को कलेक्टर गर्ग ने धुंधडका स्थित नायब तहसीलदार न्यायालय का आकस्मिक निरीक्षण किया और वहां लंबित प्रकरणों की स्थिति का विस्तृत अवलोकन किया।**

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने न्यायालय में लंबित प्रकरणों की गहन समीक्षा करते हुए स्पष्ट निर्देश दिए कि 6 माह से 1 वर्ष तक के लंबित मामलों का प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र निराकरण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि ऐसे प्रकरण आमजन से सीधे जुड़े होते हैं, इसलिए इनमें अनावश्यक विलंब कतई स्वीकार्य नहीं होगा।

कलेक्टर ने 3 माह से 6 माह तक लंबित मामलों को भी जल्द से जल्द निपटाने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रतिदिन नियमित रूप से न्यायालय में बैठकर प्रकरणों की सुनवाई करें और समयबद्ध तरीके से उनका समाधान सुनिश्चित करें।

भूमि आवंटन से जुड़े प्रकरणों पर विशेष ध्यान देते हुए कलेक्टर ने कहा कि इन मामलों को किसी भी स्थिति में लंबित न रखा जाए। उन्होंने नामांतरण, सीमांकन सहित अन्य राजस्व प्रकरणों की भी समीक्षा की और सभी मामलों में पारदर्शिता एवं गति बनाए रखने पर जोर दिया। कलेक्टर गर्ग ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि आमजन को त्वरित एवं सरल न्याय उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिकता है, इसलिए सभी प्रकरणों का समयसीमा में गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित किया जाए। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत अनुकूल जैन, एसडीएम मंदसौर शुभम पाटीदार, सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## 10 क्विंटल डोडाचूरा मामले में आरोपी 7 दिन रिमांड पर, सप्लायर की तलाश

- पिपलियामण्डी के बाबूखेड़ा में दबिश

**पिपलिया मण्डी।** नारायणगढ़ पुलिस द्वारा पकड़े गए 10 क्विंटल से अधिक डोडाचूरा मामले में पुलिस आरोपी को डोडाचूरा देने वाले आरोपी की तलाश में जुट गई है। बुधवार को आरोपी को साथ नारायणगढ़ पुलिस आरोपी को लेकर पिपलियामंडी थाना क्षेत्र के बाबूखेड़ा गांव पहुंची, जहां से अवैध मादक पदार्थ भरवाया गया था। यहां बाबा नामक संदिग्ध सप्लायर की तलाश में पुलिस ने दबिश दी, हालांकि उसके फरार होने की जानकारी है।

पुलिस रिमांड पर चल रहे आरोपी बुटा सिंह से पूछताछ में सामने आया है कि वह पहले भी मादक पदार्थ परिवहन में लिप्त रहा हो सकता है। मोबाइल कॉल डिटेल्स और संपर्क नंबरों के आधार पर पुलिस तस्करी के नेटवर्क को खंगाल रही है। बाबा नामक व्यक्ति से उसका संपर्क मोबाइल के जरिए हुआ था, जिसने बाबूखेड़ा से डोडाचूरा भरवाकर पंजाब पहुंचाने की जिम्मेदारी दी थी। पुलिस टीम ने बाबूखेड़ा गांव में संभावित ठिकानों पर जांच की और स्थानीय लोगों से पूछताछ भी की। सूत्रों के अनुसार, पुलिस को कुछ महत्वपूर्ण सुराग मिले हैं, जिनके आधार पर जल्द ही सप्लायर तक पहुंचने की संभावना जताई जा रही है। जांच में यह भी संकेत मिले हैं कि मामला केवल एक खेप तक सीमित नहीं है, बल्कि इसके पीछे एक संगठित अंतरराज्यीय गिरोह सक्रिय हो सकता है। पुलिस अब इस नेटवर्क के अन्य सदस्यों की पहचान करने में जुटी है और जरूरत पड़ने पर टीम को पंजाब भी भेजा जाएगा।

गौरतलब है कि मंगलवार को नारायणगढ़ पुलिस ने बरखेड़ा-वीरपुरिया फंटा के पास घेराबंदी कर आयशर ट्रक से 42 कट्टों में भरा 10 क्विंटल 2 किलो डोडाचूरा जब्त किया था। इस मामले में वाहन मालिक बुटा सिंह को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे 7 दिन की पुलिस रिमांड पर भेजा गया है। पुलिस के अनुसार तस्करी के इस मामले में हर एंगल से जांच की जा रही है। फरार सप्लायर की तलाश जारी है।



## खेतों में बायो कल्चर अपनाएं : अदिति गर्ग

**मंदसौर।** कलेक्टर अदिति गर्ग ने ग्राम कटक्या में किसान राजकुमार पोरस द्वारा की जा रही अमरूद की प्राकृतिक खेती का निरीक्षण किया। उन्होंने खेत में अपनाई जा रही जैविक पद्धतियों की सराहना करते हुए खेती में बायो कल्चर के विकास पर जोर दिया।

कलेक्टर ने कहा कि बायो कल्चर के उपयोग से भूमि की उर्वरता बढ़ती है और रासायनिक उर्वरकों पर निर्भरता कम होती है। उन्होंने किसानों को प्राकृतिक खेती अपनाने और जैविक संसाधनों के अधिक उपयोग के लिए प्रेरित किया।

निरीक्षण के दौरान किसान पोरस ने बताया कि वे लगभग 200 बीघा भूमि पर प्राकृतिक खेती कर रहे हैं, जिसमें 13 हजार अमरूद के पौधे लगाए गए हैं। वे जीवामृत के उपयोग और कृषि विज्ञान केंद्र से प्राप्त प्रशिक्षण के आधार पर खेती कर रहे हैं। कलेक्टर ने जीवामृत व बायो कल्चर निर्माण प्रक्रिया का अवलोकन किया तथा नरवाई अपशिष्ट से प्राकृतिक खाद बनाने की सराहना की। खेत में अमरूद के साथ लहसुन की मिश्रित खेती भी की जा रही है, जिससे अतिरिक्त आय प्राप्त हो रही है।

**एक नजर** | आयोजन में मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद बंशीलाल गुर्जर रहे मौजूद

## स्नेह नगर में सार्वजनिक सुंदरकांड का आयोजन



**मंदसौर। स्नेह नगर स्थित आशुतोष महादेव मंदिर प्रांगण में दिनांक 7 अप्रैल 2026, मंगलवार को सार्वजनिक सुंदरकांड पाठ का भव्य एवं सफल आयोजन समिति के कर्मठ कार्यकर्ताओं के सहयोग से संपन्न हुआ।**

इस धार्मिक आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में राज्यसभा सांसद बंशीलाल गुर्जर उपस्थित रहे। साथ ही नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती रमा देवी गुर्जर ने भी पधारकर सुंदरकांड का धार्मिक लाभ लिया।

कार्यक्रम में स्नेह नगर के धर्मप्रेमी नागरिकों, माताओं, बहनों एवं युवा साथियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। भजन-कीर्तन के दौरान श्रद्धालुजन भक्ति में लीन होकर नृत्य करते हुए आनंदित नजर आए।

इस अवसर पर द्वादश मंदिर समिति के सदस्य श्याम शर्मा, ओ.पी. मिश्रा, शर्मा जी सहित अनेक गणमान्य नागरिकों की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम का शुभारंभ आंजनेय बालाजी की पूजा-अर्चना से हुआ।

समिति के अध्यक्ष चतर सिंह, अशोक गुर्जर, खेमराज खाबिया, चेतन बैरागी, नामदेव, धीरज पाठक, रविन्द्र सिंह एवं पोरवाल समाज युवा संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेन्द्र उदीया द्वारा सुंदरकांड मंडली का स्वागत किया गया।

कार्यक्रम के समापन पर खेमराज खाबिया द्वारा आभार व्यक्त करते हुए समिति का आय-व्यय विवरण प्रस्तुत किया गया।


साथ ही समिति द्वारा यह निर्णय लिया गया कि आगामी एक रविवार को मां शिवना शुद्धिकरण अभियान स्नेह नगर वासियों के सहयोग से आयोजित किया जाएगा, जिसकी सूचना शीघ्र ही अलग से दी जाएगी।

अंत में समिति एवं समस्त सदस्यों की ओर से सभी उपस्थित श्रद्धालुओं का हृदय से आभार व्यक्त किया गया।

# नीमच

## एक नजर में

### जिले के सभी विकासखण्डों में बीमार पशु को खड़ा करने के लिए मशीनें उपलब्ध




**नीमच।** जिले के तीनों विकासखण्ड मुख्यालयों पर बडे पशु जो किसी बिमारी के कारण स्वयं खड़े नहीं हो पा रहे हैं उनको मशीन की सहायता से खड़ा करने हेतु काऊ लिफ्टिंग मशीन उपलब्ध करवाई गयी है। उपसंचालक पशुपालन एवं डेयरी डॉ.राजेश पाटीदार ने बताया, कि जिला पशु कल्याण समिति अध्यक्ष एवं कलेक्टर हिमांशु चन्द्रा की पहल पर प्रत्येक विकासखण्ड में एक-एक काऊ लिफ्टिंग मशीन उपलब्ध करवाई गई है। पशुपालक विकासखण्ड मुख्यालय के पशु चिकित्सक से सम्पर्क कर इसे सुविधा का लाभ ले सकते है। मशीन उपलब्ध करवाते समय पशुपालक को राशि तीन हजार रूपये सुरक्षा निधि के रूप में जमा करवानी होगी तथा प्रतिदिन का किराया 100 रूपये के मान से भुगतान करना होगा। मशीन जमा करवाने पर किराया काटकर शेष सुरक्षा निधि एवं रसीद पशुपालक को लौटा दी जायेगी मशीन जिस स्थिति में दी जाएगी वैसी स्थिति में लौटानी होगी। उपरोक्त सुविधा से एक तरफ जहाँ गम्भीर बीमार पशुओं के उपचार से सहायता मिलेगी, वही जिला पशु कल्याण समिति की आय में वृद्धि होगी।

### अधिकारियों ने किया उपार्जन केंद्रों का निरीक्षण



**नीमच।** कलेक्टर हिमांशु चंद्रा के मार्गदर्शन में जिले में 9 अप्रेल से गेहूं उपार्जन की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। एसडीएम नीमच श्री संजीव साहू ने बुधवार को समर्थन मूल्य उपार्जन केंद्र प्राथमिक कृषि साख सहकारी संस्था चल्दू, प्राथमिक कृषि साख सहकारी संस्था हरवार, प्राथमिक कृषि साख सहकारी केंद्र जीरन एवं प्राथमिक कृषि सेवा साख सहकारी संस्था कराडिया महाराज के खरीदी केंद्रों और वेयर हाउसों का निरीक्षण कर उपार्जन तैयारियों और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। नायब तहसीलदार मनासा श्री भगवानसिह ठाकुर ने ग्राम कंजार्डा का भ्रमण कर उपार्जन केंद्र का निरीक्षण कर प्रबंधो व्यवस्थाओं का जायजा लिया।





## 120 फीट ऊंचे मोबाइल टॉवर पर चढ़ा युवक

- जमीन रजिस्ट्री में कथित धोखाधड़ी से परेशान होकर उठाया कदम

**नीमच।** सुवाखेड़ा गांव में बुधवार सुबह एक युवक 120 फीट ऊंचे बीएसएनएल मोबाइल टावर पर चढ़ गया। युवक की पहचान कमलेश पिता रामचंद्र दांगी के रूप में हुई है। वह जमीन रजिस्ट्री में कथित धोखाधड़ी से परेशान होकर यह कदम उठाने पर मजबूर हुआ। कमलेश दांगी का आरोप है कि 2017 में नीमच के कुछ लोगों ने उसकी पुश्तैनी जमीन धोखे से अपने नाम करा ली थी। बाद में वही जमीन उसके परिवार के अन्य सदस्यों को बेच दी गई।

पीड़ित के अनुसार, उसने करीब 11 बीघा जमीन 64 लाख रुपए में बेची थी, लेकिन उसे केवल 1.50 लाख रुपए ही मिले। वह पिछले कई महीनों से न्याय के लिए भटक रहा है, लेकिन न तो जांच पूरी हुई और न ही उसे कोई ठोस कार्रवाई नजर आई।

**चार महीने पर भी टावर पर चढ़ा था युवक**-यह पहली बार नहीं है जब कमलेश ने ऐसा विरोध किया है। इससे पहले 17 दिसंबर को भी वह इसी तरह टावर पर चढ़ा था। तब प्रशासन ने एक महीने में समाधान का आश्वासन दिया था, जिसके बाद वह नीचे उतर आया था। हालांकि, चार माह बाद भी वादा पूरा नहीं होने से नाराज होकर उसने दोबारा यह कदम उठाया।

**अधिकारियों की घंटों की समझाइश के बाद नीचे उतरा युवक**-घटना की सूचना मिलते ही प्रशासन हरकत में आ गया। अपर कलेक्टर सहित पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे और युवक को समझाने का प्रयास शुरू किया। युवक ने अन्य अधिकारियों पर भरोसा जताने से इनकार करते हुए कलेक्टर को मौके पर बुलाने की मांग रखी। कई घंटों तक चले इस घटनाक्रम के बाद आखिरकार अधिकारियों की समझाइश रंग लाई और कमलेश दांगी सुरक्षित नीचे उतर गया। फिलहाल प्रशासन युवक से चर्चा कर पूरे मामले को सुलझाने में जुटा है।

## ट्रेंचिंग ग्राउंड की बदल रही सूरत, जहां कभी गंदगी पसरी थी, अब छाने लगी हरियाली

**नीमच।** हरियाली और स्वच्छ पर्यावरण की वजह से शहर के गांव भोलियावास ट्रेंचिंग ग्राउंड की तस्वीर बदल गई है। ट्रेंचिंग ग्राउंड मे बदलाव आ रहा है। यहां पर विकसित किए जा रहे बगीचे में अब हरियाली छाने लगी है। एक समय था शहर जब ग्राम भोलियावास के ट्रेंचिंग ग्राउंड के समीप से गुजरने पर नाक-मुंह पर कपड़ा बांध कर निकलना पड़ता था। कचरे के कारण इतनी बदबू आती थी कि राहगीरों और ग्रामवासियों का बुरा हाल था, अब स्थिति बदल गई है। स्वच्छ भारत मिशन के तहत ट्रेंचिंग ग्राउंड पर लगे बड़े-बड़े कचरे के ढेर धीरे धीरे साफ हो रहे है। नगरपालिका ने ट्रचिंग ग्राउंड की जमीन पर ने इस पर पौधे लगाकर हरियाली करने की प्लानिंग की है और कचरे का निपटान खाद बनाकर किया जा रहा है।

ट्रेचिंग ग्राउंड की जमीन पर धीरे धीरे बगीचे का विस्तार कर रही है और ट्रेचिंग ग्राउंड का कचरा साफ कर नवाचार कर रही है। इससे आसपास के रहवासियों को राहत मिली है, जो आए दिन कचरे की बदबू और जलने की घटना से परेशान रहते थे। यहां, जामुन, विलायती इमली, शहतूस, नीबू, आम, आंवला, इमली, सीताफल, पीपल, नीम, बरगद और मोरसली सहित अन्य प्रजातियों के पौधे यहां लगाए गए है। कभी ट्रेचिंग ग्राउंड के नाम से पहचानी जाने वाली यह जगह धीरे धीरे हरियाली से आच्छादित हो रही है और सुंदर नजर आने लगी है। के साथ ही सुंदर नजर आएगी। कचरे के ढेर को एक खूबसूरत बगीचे या हरित क्षेत्र में बदलने की पहल स्वच्छता और सौंदर्यीकरण का एक शानदार उदाहरण है।

### 5 बीघा जमीन पर होगा बगीचे का विस्तार

जिसके तहत नगरपालिका ने ट्रेंचिंग ग्राउंड में ऐसा खुबसूरत बगीचा बना तैयार किया है, जहां कबाड़ और फालतू वस्तुओं से सजावटी चीजें प्रदर्शित की गई है बगीचे के सौंदर्यी करण और उसे संवारने के लिए पुराने टायर, साइकिल, बोतलें, कागज, पाइप, कपड़े, लकड़ी, रस्सी आदि से सुंदर वस्तुएं तैयार की गई है। नगरपालिका द्वारा ट्रेचिंग ग्राउंड की जमीन पर 1 बीघा पर बगीचा विकसित किया गया है। आने वाले समय में 5 बगीचा जमीन पर बगीचा विकसित करने की योजना पर कार्य किया जाना है। योजना के प्रथम चरण में 5 बीघा की जमीन पर अंकूर अभियान के तहत 2500 पौधे लगाए जा चुके है। बगीचे की बाउंड्रीवाल का निर्माण नपा शहरी क्षेत्र नियम विरुद्ध लगे फ्लेक्स को जप्त कर उसकी लकड़ियों का इस्तेमाल किया एवं प्लास्टिक की बोतलों से पौधो के लिए क्यारी बनाई गई है। कबाड़ और फालतू वस्तुओं से सजावटी चीजें का उपयोग किया गया है जिसमें पुराने टायर, साइकिल, बोतलें, पाइप, कपड़े, लकड़ी, रस्सी आदि से सुंदर वस्तुएं तैयार की गईहै।

### इनका कहना

ट्रेंचिंग ग्राउंड में कबाड़ की चीजों को सुंदर बनाकर बगीचा विकसित किया गया है। विगत वर्षो में ट्रेचिंग ग्राउंड की जमीन पर हरियाली और पौधारोपण: ट्रेंचिंग ग्राउंड के आस-पास के क्षेत्र में बड़े पैमाने पर पौधारोपण किया गया है, जिससे वहां हरियाली बढ़ी है।

**- स्वाति चौपड़ा, अध्यक्ष, नगरपालिका, नीमच**

**एक नजर** | हाईटेक हुवे बुकी, पुलिस कार्रवाई से निकले आगे

## 20-20 में भी रहे खाली हाथ, बुकी लगा रहे खुले आम आईपीएल में दाव



**मनासा।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के शुरू होते ही शहर में क्रिकेट सट्टे का अवैध कारोबार एक बार फिर जोर पकड़ता नजर आ रहा है। सूत्रों के अनुसार, शहर के विभिन्न इलाकों में सट्टेबाजी का नेटवर्क सक्रिय हो गया है, जहां आधुनिक तकनीक का इस्तेमाल कर बुकी खुलेआम इस गैरकानूनी धंधे को संचालित कर रहे हैं। बताया जा रहा है कि 20-20 वर्ल्ड कप के दौरान भी पुलिस को इस अवैध कारोबार के खिलाफ कोई खास सफलता हाथ नहीं लगी थी। अब द्दक्कके दौरान फिर वही स्थिति बनती दिख रही है,

हाईटेक हुए सट्टेबाज ऑनलाइन नेटवर्क का इस्तेमाल-

क्रिकेट सट्टे के बुकी अब पूरी तरह हाईटेक हो चुके हैं। वे अन्य राज्यों में बैठकर ऑनलाइन प्लेटफॉर्म और मोबाइल एप्स के जरिए इस अवैध कारोबार को अंजाम दे रहे हैं। सट्टा लगाने वालों को ऑनलाइन आईडी दी जाती है, जिसके माध्यम से लाखों रुपए का लेन-देन हो रहा है। यह पूरा नेटवर्क बेहद गोपनीय तरीके से संचालित किया जा रहा है, जिससे स्थानीय पुलिस के लिए कार्रवाई करना चुनौतीपूर्ण हो गया है।

**युवाओं में तेजी से फैल रहा सट्टे का नशा** -चिंता की बात यह है कि यह अवैध कारोबार अब युवाओं को अपनी गिरफ्त में लेता जा रहा है। आसान पैसे के लालच में युवा ऑनलाइन सट्टेबाजी की ओर आकर्षित हो रहे हैं, जो धीरे-धीरे नशे की तरह फैलता जा रहा है। कई युवा इसके कारण आर्थिक और मानसिक समस्याओं का सामना कर रहे हैं।

**क्रिकेट के साथ अख्खर का कारोबार भी चरम पर**-क्रिकेट सट्टे के साथ-साथ 'अख्खर' नामक पारंपरिक सट्टेबाजी भी इन दिनों अपने चरम पर है। शहर के कई हिस्सों में यह धंधा बिना किसी डर के संचालित हो रहा है। इस पुरे मामले में पुलिस का चिता फ़ोर्स या मुखबिर तंत्र पूरी तरह कमजोर साबित हो रहा हे, जिसके कारण इस अवैध नेटवर्क पर लगाम नहीं लग पा रही है।

इस बढ़ते अवैध कारोबार पर जल्द से जल्द सख्त कार्रवाई की जाए। साथ ही, युवाओं को इस बुरी लत से बचाने के लिए जागरूकता अभियान भी चलाए जाने की आवश्यकता है। यदि समय रहते इस पर अंकुश नहीं लगाया गया, तो यह अवैध सट्टेबाजी का जाल और अधिक फैल सकता है, जिससे समाज पर गंभीर प्रभाव पड़ने की आशंका है।

### इनका कहना

पुलिस का मुखबिर तंत्र कमजोर हे, इसी कारण पुख्ता जानकारी नहीं मिल रही हे जल्दी ही प्रयास करके कार्यवाही की जाएगी,

**- नीलेश अवस्थी, थाना प्रभारी मनासा**